>

Title: Need to expedite construction of railway overbridge at Malviya road-Kasya road intersection under North Eastern Railway in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया) ः उत्तर पूर्वी रेलवे अंतर्गत देवरिया कसया रेलवे प्रखंड में स्थित मालवीय रोड़ एवं कसाया रोड़ क्रासिंग पर एक उपरी पुल बनाया जा रहा है जिसकी रेलवे लाइन छपरा तक जा रही है। जिस सड़क मार्ग पर उपरी पुल बनाया जा रहा है वह अत्यंत व्यस्त मार्ग है और उपरी पुल बनाने का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण एक ओर तो यातायात बाधित हो रहा है और दूसरी ओर लोगों को मिलने वाली सुविधा दिलवाने के कार्य में नाहक देरी हो रही है। इस उपरोक्त पुल पर डबल ट्रेक एवं रेलवे लाइन विद्युतीकरण का कार्य भी होना है जो उपरोक्त उपरी पुल पर धीमी गति से कार्य होने से उनके कार्य को आरंभ करने का प्रभाव पड़ेगा एवं इन कार्यों को करने में देरी हो रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त उपरी पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए।